प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना रहा है। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक संदेश समारोह में पढ़ा जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश देश के पंचायती राज संस्थानों व ग्रामीण स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों में प्रचारित किया जाएगा। यह दिवस ऐतिहासिक 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रभावी होने के स्मरण में मनाया जाता है। इस अधिनियम ने देश में पंचायती राज संस्थानों को संवैधानिक दर्जा और कानूनी मान्यता प्रदान की।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने कल शिमला में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शिमला क्लब तक निर्माणाधीन यूटिलिटी डक्ट के ऊपर तारकोल बिछाने का कार्य 10 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लिफट तक यह कार्य 17 जून तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शिमला न केवल राज्य की राजधानी है बल्कि एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है जहां हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नमस्ते योजना

राष्ट्रीय यांत्रिक स्वच्छता पारितंत्र नमस्ते योजना ने देशभर में स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत कुल 90 हजार से अधिक सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों का संक्षिप्त और महत्वपूर्ण जानकारी संग्रह तैयार किया गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह योजना स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दर्शाती है।

पर्यटन सीजन

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में बढ़ते पर्यटन सीजन को देखते हुए जिला पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठायें है।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पीति जिला संवाददाता

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य संस्थानों के जाल को लगातार मजबूत किया जा रहा है। वे कल हरोली विधानसभा क्षेत्र के बालीवाल गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की आधारशिला रखने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के निर्माण पर 1 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

रिजनल प्लान

प्रदेश में भवनों के सुनियोजित निर्माण और आवासीय कॉलोनियों के व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में एक समग्र रीजनल प्लान तैयार किया जा रहा है। इस दिशा में प्रारंभिक चरण में प्रदेश के 6 जिलों में कार्य आरंभ कर दिया गया है जिसमें जिला चम्बा भी शामिल है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। प्रदेश में कल से 28 अप्रैल तक आंधी, बारिश व बर्फबारी होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 25 अप्रैल से प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते प्रदेश में बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है।

डेस्क

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।